हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Himachal Pradesh

कैंप कार्यालय, एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक, धर्मशाला, जिलाकांगड़ा-, हिमाचल प्रदेश – 176215

CAMP OFFICE, NEAR HPCA CRICKET STADIUM, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH – 176215

Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक -10 मई 2022

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए युवाओं को तैयार करेगा केंद्रीय विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय प्रबंधन ने "केंद्रीय विश्वविद्यालय कोचिंग केंद्र" के गठन का लिया निर्णय

सभी संकाय सदस्य अपनी विशेषज्ञता के अनुसार देंगे सहयोग – कुलपति

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय अब विश्वविद्यालय के विधार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करेगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रबंधन ने "केंद्रीय विश्वविद्यालय कोचिंग केंद्र" के गठन का निर्णय लिया है। जिससे छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर पाएं। यह फैसला माननीय कुलपति हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रो. सत प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाताओं के साथ की गई बैठक में लिया गया। गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. राकेश कुमार को इस कोचिंग केंद्र के समन्वयक की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया है।

कोचिंग केंद्र के संचालन के लिए गठित की गई कार्यकारिणी में शाहपुर परिसर से भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग के सह आचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा को सह-समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई। वहीं धौलाधार परिसर धर्मशाला से एचपीकेवी बिजनेस स्कूल सहायक आचार्य डॉ. चमन लाल और सप्त सिन्धु परिसर देहरा से डॉ. कंवर चंद्रदीप सिंह, सह आचार्य, इतिहास विभाग को सह-समन्वयक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विवि का नाम रोशन करें इसके लिए विवि प्रबंधन ने "केंद्रीय विश्वविद्यालय कोचिंग केंद्र" के गठन का निर्णय लिया है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग एवं कौशल वृद्धि के लिए तीनों परिसरों धौलाधार परिसर धर्मशाला, सप्त सिंधु परिसर देहरा और शाहपुर परिसर में विशेष अभियान की शुरुआत की जाएगी। कोचिंग की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलेंगी और सभी संकाय सदस्य अपनी विशेषज्ञता के अनुसार उक्त कोचिंग में अपना योगदान देंगे। कहीं कोचिंग सेंटर के समन्वयक प्रो. राकेश कुमार के अनुसार, कोचिंग का प्राथमिक उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, और नौकरी के साक्षात्कार के लिए एक्सपोजर और प्रशिक्षण प्रदान करना होगा। यह महत्वाकांक्षी प्रयास छात्रों को अकादमिक और व्यावसायिक कौशल बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा जो अंततः उन्हें भविष्य की नौकरी के दृष्टिकोण के लिए तैयार करेगा। इस पहल के माध्यम से, छात्रों को विभिन्न पात्रता परीक्षाओं जैसे नेट/सेट/गेट आदि के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर मिलेगा, जोकि वर्तमान समय में अकादमिक और शोध पदों को प्राप्त करने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं हैं। विशेष रूप से, ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक कौशल को चमकाने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा, जो कभी-कभी कार्य ज्ञान होने के बावजूद खुद को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में कठिनाई का सामना करते हैं।

पूजा चक्रवर्ती

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला,